HAPPY BIRTHDAY HAPPY BIRTHDAY

हमारे प्रिय
श्री चरण राजपाल
(अध्यक्ष, युवा प्रेस क्लब)
को आज जन्मदिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
***** बधाईकर्ता *****
राजपाल मित्र मण्डल, मंदसौर

डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live
बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार
संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 167 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | गुरुवार 03 अप्रेल 2025 | मूल्य 2 रुपया

हार्ट केयर
श्री सिद्धि विनायक
अब नियमित सेवाएं मंदसौर में उपलब्ध
हृदय रोगों के उपचार में अंचल का जाना पहचाना नाम
हृदय रोग विशेषज्ञ

डॉ. पवन मेहता
MBBS, M.D. (Medicine) I DM (Cardiology)
Consultant Interventional Cardiology
परामर्श समय -
प्रतिदिन प्रातः 10:00 से सायं 5:00 बजे तक
12, दशपुर कुंज रोड, सिविल हॉस्पिटल के सामने, मंदसौर (म.प्र.) 07422-490333






## अपहरण की कहानी के बाद पहली बार पीछे हटी सीबीएन..!

# यह तो फर्जीवाड़े की इंतहा हो गई, उच्च स्तरीय जांच की आवश्यकता

**दिनदहाड़े डॉ संगतानी को अगवा कर प्रतापगढ़ ले गए, नेता नगरी और पुलिस-प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद दोपहर में छोड़ा**

मंदसौर/प्रतापगढ़, 02 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस। अकसर एनडीपीएस एक्ट के प्रकरण दर्ज कर आरोपी का नाम और वाहन का नंबर तक उजागर नहीं करने वाली सीबीएन को बुधवार को मुंह की खानी पड़ी। कथित रूप से कोटा से चली एक मिलीभगत की कहानी के बाद इस तरह की घटना हुई। जिसमें परिजनो ने डॉ. डीडी संगतानी के अपहरण का आरोप लगाया। बाद में समाज की एकता, मंदसौर-चित्तौड़ के जनप्रतिनिधि, दोनो प्रदेश के पुलिस व प्रशासन की सख्ती के बाद सीबीएन ने पीछे हटते हुए डॉ. को छोड़ दिया। हालांकि, यक्ष प्रश्न अभी भी यही है कि कथित रूप से 130 ग्राम एमडी का जो प्रकरण डॉ. डीडी संगतानी के विरुद्ध दर्ज किया गया था।

उसका असली आरोपी कौन है और सीबीएन उसके विरुद्ध क्या कार्यवाही करेगी। बता दें कि कुछ वर्ष पूर्व नीमच में भी पुलिस के कुछ अधिकारी और जवानो ने वहां के रेलवे कांट्रेक्टर अक्षत गोयल को भी इसी तरह उलझाने की कोशिश की थी। उस समय मंदसौर विधायक के प्रयासो से गुत्थी सुलझी थी और जांच के बाद दोषी सभी पुलिस अधिकारी व कर्मचारियो को बर्खास्त किया गया था। जो आज भी बेरोजगार घूम रहे है। लेकिन, सीबीएन में दोषियो पर क्या कार्यवाही होगी, यह कभी सामने भी आएगा या केवल कुड़ली गुड़ फोड़ा, किसने देखा। वाली कहावत चरितार्थ होगी। जिससे कि सीबीएन को वसूली की दुकान बनाने वाले अधिकारी आगे भी ऐसी ही हरकते करते रहेंगे?

**✻ देखने को मिली समाज की एकजुटता, जनप्रतिनिधि भी हुए सक्रिय**
**✻ पहले खबर चली कि 130 ग्राम एमडी का केस बनाया, बाद में बगैर शर्त छोड़ा**



बुधवार सुबह शहर के प्रतिष्ठित डॉ डीडी संगतानी परिवार के साथ नालछा माता दर्शन के लिए जा रहे थे। इसी दौरान आंबेडकर चौराहे पर 4-5 लोगों ने रोका। उन्होंने खुद को प्रतापगढ़ सीबीएन की टीम बताया और डाक्टर साहब को गाड़ी में बैठाकर ले गए। शुरुआत में मामला अपहरण का बताया जा रहा था। अपहरण की शिकायत लेकर परिजन व समाजजन पुलिस कप्तान से लेकर जनप्रतिनिधियों तक से मिले। इस दौरान परिवार के साथ समाजजन प्रतापगढ़ के लिए भी निकले। जिन्हें हथुनिया थाने के सामने पुलिस ने रोका और बहस की। इस दौरान सीबीएन प्रतापगढ़ द्वारा डाक्टर की गाड़ी से 130 ग्राम एमडी ड्रग्स जप्त कर प्रकरण दर्ज करने की बात भी सामने आई। यह घटनाक्रम दोपहर तक चला। दोपहर में क्लीयर हो गया कि सीबीएन की टीम उन्हें ले गई थी। बाद में उन्हें छोड़ा गया। इस पूरे घटनाक्रम में भाजपा नेता गौरव अग्रवाल ने लोकसभा में मौजूद सांसद सुधीर गुप्ता को पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। उन्होंने अधिकारियों से तुरंत चर्चा की। वहीं पूर्व विधायक श्री यशपालसिंह सिसौदिया ने भी प्रतापगढ़ के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को अवगत कराते हुए फर्जी कार्यवाही नहीं हो इसके लिए प्रयास किए। इधर चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी व प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने भी सीबीएन व पुलिस प्रशासन को निर्देश दिए कि इस तरह फर्जी कार्यवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वहीं समाजजनों ने भी एकजुटता दिखाई। जिसका असर हुआ कि सीबीएन को आखिरकार डॉ. डीडी संगतानी को छोड़ना पड़ा। बता दे कि पूरे मामले में पक्की कागजी कार्रवाई की तैयारी थी। लेकिन, दबाव बढने के बाद सीबीएन को हथियार डालने पड़े।

### पूर्व विधायक सिसोदिया भी पीछे नहीं हटे

इधर पूर्व विधायक एवं प्रदेश भाजपा प्रवक्ता यशपाल सिंह सिसोदिया ने परिवारजन और पुलिस अधिकारियों से चर्चा की। सिसोदिया ने बताया कि जैसे ही उन्हें कथित रूप से अपहरण होने की जानकारी मिली उन्होंने डॉ. संगतानी की पत्नी से चर्चा की। इसके बाद उन्होंने डीआईजी मनोज सिंह, पुलिस कप्तान अभिषेक आनंद से भी जानकारी ली। श्री सिसोदिया ने बताया कि जैसा कि अपुष्ट तौर पर प्रतापगढ़ की नारकोटिक्स द्वारा डॉ संगतानी को ले जाने की बात सामने आई थी, इसे लेकर उन्होंने प्रतापगढ़ के वरिष्ठ भाजपा नेता कमलेश डोसी से भी चर्चा करते हुए विषय की जानकारी दी और स्थानीय स्तर पर अधिकारियों से चर्चा करने का आग्रह किया। सिसौदिया ने कहा कि पूरे घटनाक्रम में षडयंत्र जिसके द्वारा रचा गया है, उस पर कार्रवाई की जाना चाहिए।

श्री सिसोदिया ने यहां तक कहा कि डॉक्टर संगतानी यदि तस्कर निकले तो मैं राजनीति से संन्यास ले लूंगा। श्री सिसोदिया ने बताया कि चर्चा के दौरान सीबीएन के अधिकारियों ने डॉक्टर संगतानी को छोड़ने पर सहमति दी लेकिन गाड़ी जप्ती करने की बात कही तो श्री सिसोदिया ने अधिकारियों से कहा कि डॉक्टर संगतानी निर्दोष है यदि उन्हें छोड़कर गाड़ी को जप्ती में लिया जाता है तो न्यायालय में चालान पेश होगा और मालिक के तौर पर डॉक्टर संगतानी पर ही कार्रवाई होगी। इसलिए डॉक्टर संगतानी के साथ ही उनकी गाडी को भी निकाल जाए और इस पूरे मामले के असली षड्यंत्र कर्ता का पता लगाकर उस पर सख्त कार्रवाई की जाए। श्री सिसोदिया के तर्क सुनकर सीबीएन के अधिकारियों ने डॉक्टर संगतानी को छोड़ने पर सहमति दी जिसके बाद डॉक्टर संगतानी समाज जनों के साथ मंदसौर पहुंचे।

### गौरव से मिली जानकारी, सांसद ने कमिश्नर को लगाया फोन...

भाजपा नेता गौरव अग्रवाल को जानकारी मिलते ही उन्होंने तुरंत सांसद सुधीर गुप्ता को अवगत कराया। सांसद इस समय दिल्ली लोकसभा की कार्यवाही में थे। सांसद सुधीर गुप्ता ने नारकोटिक्स कमिश्नर को इस संबंध में जानकारी दी और डॉ संगतानी पर की जा रही गलत कार्रवाई से अधिकारियों को अवगत कराया। इसके बाद कमिश्नर ने इस पूरे मामले में दोषी अधिकारियों पर भी जांच के बाद कार्रवाई की बात कहीं। पूरे घटनाक्रम के बाद गौरव अग्रवाल को संगतानी परिवार ने धन्यवाद भी ज्ञापित किया।

## शहर सफाई का मामला...

# सरकारी ही नहीं, निजी स्कूलों की भी जांच करेगी सर्वे टीम

**✻ पांच तारीख के बाद सर्वे करने आ सकती है दिल्ली की टीम ✻ शहर में तैयारियां फिर तेज, 12 हजार 500 अंक का होगा सर्वेक्षण**




### यह होगा पेपर...

शहरी विकास मंत्रालय द्वारा जारी गाइड लाइन के अनुसार इस बार स्वच्छ सर्वेक्षण 12 हजार 500 अंक का होगा। इसके लिए 09 हजार 500 अंक निर्धारित थे। लेकिन, सरकार ने बीच में बदलाव कर दिया है। 12 हजार 500 अंक में से 1300 अंक गार्बेज फ्री सिटी, 1200 ओडीएफ डबल प्लस व वाटर प्लस सर्वे और 10 हजार अंक अप्रैल से जनवरी तक के 04 फेस के हैं। पहले और दूसरे फेस के 500, जबकि, तीसरे व चौथे फेस के 9000 अंक निर्धारित किए गए हैं।

### स्कूलों के लिए 03 कैटेगरी में 400 अंक...

| | |
|---|---|
| स्कूलों की स्वच्छता | 100 अंक |
| स्कूलों में अपशिष्टप्रबंधन | 150 अंक |
| शौचालयों का रखरखाव | 150 अंक |

गंदगी मिलने पर होगी माइनस मार्किंग

मंदसौर, 02 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस। शहर में लगातार टलती जा रही सफाई की परीक्षा यानी स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए एक बार फिर नई तारीख आ गई है। बताया जा रहा है कि 05 अप्रेल के बाद कभी भी दिल्ली की टीम सर्वे करने के लिए शहर में आ सकती है। इस बार सर्वे में शहर के स्कूल (सरकारी और प्राइवेट) भी आ गए हैं। नपा ने शायद इनका डाटा लोड कर दिया है। थर्ड पार्टी सर्वे में स्कूलों की सफाई का मूल्यांकन भी होगा। इससे नगर पालिका की जिम्मेदारी अतिरिक्त बढ़ गई है।

शहर में नगर पालिका को स्वच्छता सर्वे में अच्छे अंक लाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ेगी। क्योंकि, सरकारी व निजी स्कूलों में गीले-सूखे कचरे के लिए अलग-अलग डस्टबिन नहीं मिले तो नंबर कट जाएंगे। जारी गाइड लाइन में ऐसे 04 पैरामीटर तय किए गए हैं। उसके आधार पर टीम स्कूलों की सफाई की जांच की जाएगी। बड़ी बात यह है कि अगर स्कूलों में गंदगी या सफाई से जुड़ी किसी भी प्रकार की कमी मिलीं तो माइनस मार्किंग होगी।

### डॉक्यूमेंट के भौतिक सत्यापन का इंतजार...

नपा द्वारा अपलोड किए गए सर्वेक्षण संबंधी डॉक्यूमेंट का भौतिक सत्यापन का इंतजार है। यह काम जल्द ही पूरा हो जाएगा। इसके बाद टीम कभी भी फिजिकल वेरिफिकेशन करने आ जाएगी। दिल्ली से अलर्ट मिलने के बाद नपा ने एक बार फिर तैयारियां तेज कर दी हैं। इसमें भी पहले वाटर प्लस, फिर गार्बेज फ्री सिटी स्टार रेटिंग और अंत में फाइनल सर्वे किया जाएगा।

# दो नाबालिगों को बचाया, तीन आरोपी पकड़े

**दो बदमाशों की तलाश जारी**

पिपलिया मंडी, 02 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस। पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग मामलों में लापता नाबालिग लड़कियों को सकुशल ढूंढकर उन्हें बचा लिया। दोनों बालिकाओ को उनके परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जबकि, दो आरोपी अब भी फरार हैं।

पहला मामला 22 मार्च का है, जब एक नाबालिग को कोई बहला-फुसलाकर ले गया था। इस घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस कप्तान श्री अभिषेक आनंद के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया। चौकी प्रभारी रितेश नागर के नेतृत्व में पुलिस ने सायबर सेल और मुखबीर की मदद से बालिका को भिंड जिले से बरामद कर लिया। इस मामले में पुलिस ने भिंड के खिड़किया मोहल्ले के 42 वर्षीय बाबी खान को गिरफ्तार किया है। हालांकि, इस मामले में उत्तर प्रदेश के जालौन जिले के कदौरा निवासी अतिक उर्फ आसिफ और भिंड की रूखसार अभी फरार हैं। पुलिस उनकी तलाश में जुटी हुई है।

दूसरी घटना 01 अप्रैल की है, जब मल्हारगढ तहसील के काचरिया चंद्रावत गांव की नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाया गया था। पुलिस ने तकनीकी सहायता और मुखबीर तंत्र का उपयोग कर नाबालिग को सकुशल बरामद कर लिया। इस मामले में काचरिया चंद्रावत के 19 वर्षीय सुनील बागरी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस दोनों मामलों में फरार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

## प्रदर्शन के बाद कलेक्टोरेट पहुंची महिलाएं


मंदसौर/नारायणगढ़, 02 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस। नारायणगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम झारड़ा में शराब दुकान खोले जाने के विरोध में ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं ने मंगलवार को प्रदर्शन करते हुए पिपलिया-मनासा मुख्य मार्ग पर जाम लगा दिया था। ग्रामीणों की प्रशासन से मांग है कि आबादी क्षेत्र में स्थित इस शराब दुकान को तुरंत बंद किया जाए या किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित किया जाए। इसके बाद बुधवार को महिलाएं और अन्य ग्रामीण मंदसौर कलेक्टोरेट पहुंचे। यहां दुकान को हटाने की मांग की गई। महिलाओं ने बताया कि शराब दुकान खुलने से गांव में सामाजिक बुराइयां बढ़ेगी और परिवारों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शराब की दुकान को मुख्य मार्ग से हटाने की मांग की गई है।

## राहुल गांधी ने सभी जिला अध्यक्षों को दिल्ली बुलाया है...

# यह कांग्रेस को सुधारने का फार्मूला है या नया शगुफा..!

मंदसौर/उज्जैन, 02 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस। दिसंबर 2024 की शुरुआत में ही कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने केंद्रीय कार्य समिति की बैठक में संगठन की गंभीर खामियों को उजागर करते हुए सुधारने के लिए कठोर कदम उठाने की बात कही थी। इसके तत्काल बाद कांग्रेस सुप्रीमो राहुल गांधी का बयान था कि खड़गे जी संगठन को सुधारने के लिए कितना बड़ा पदाधिकारी हो, गलत है तो कार्रवाई करें। तब भी समीक्षकों की प्रतिक्रिया आई थी कि सोनिया और राहुल के अध्यक्ष रहते ही तो कांग्रेस संगठन इतना खोखला हो गया है कि लोकसभा और राज्यों के चुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी विरोधी संगठन तय करता है।

दिसंबर से अप्रैल आ गया है पर सुधार के नाम पर कुछ प्रदेश अध्यक्ष और प्रभारी बदले गए हैं। खड़गे और राहुल के बयानों से लगा था कि कांग्रेस में समाए भाजपाई स्लीपर सेलों में से कुछ पर तो सख्त कार्रवाई होगी, पर ऐसा अभी तक हुआ नहीं है। इसके उलट जीत सकने वाले राज्यों हरियाणा और महाराष्ट्र में भी कांग्रेस अपने ही भीतरघातियों के कारण बुरी तरह हार गई। अभी भी जब राहुल गांधी देश भर के जिला अध्यक्षों को 03 मार्च को मिलने के लिए दिल्ली बुला चुके हैं। तब हरियाणा जैसे राज्य से कौन आएगा? जहां 13 साल से जिला कार्यकारिणियों का गठन तक नहीं किया जा सका है। राहुल और खड़गे की इस कांग्रेस संगठन में एक पूरा राज्य एक दशक से जिला इकाई का गठन नहीं कर पाया है। वह बाकी प्रदेश के जिला अध्यक्षों को बुलाकर संगठन हित में क्या ज्ञान दे पाएंगे !


चन्द्रमोहन भगत

कांग्रेस के केंद्र से राज्यों तक के मुख्यालयों को स्लीपर सेलों ने ऐसा कब्जाया हुआ है कि असल कांग्रेसी आसपास भी नजर नहीं आते हैं। खड़गे के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनते ही पदाधिकारियों की जिम्मेदारियां तय होना थी, जो आज तक नहीं हो पाई है। आज भी कांग्रेस के केंद्रीय मुख्यालय के नए भवन लोकार्पण पर सिर्फ कांग्रेस की आलोचना करने वाली मीडिया एजेंसियों को आमंत्रित किया गया था। प्रभारी जयराम रमेश पर किसने कोई कार्रवाई की ! हरियाणा में जिला इकाइयों का गठन 13 साल से नहीं हो रहा है, किसी जिम्मेदार पर कार्रवाई की गई! वर्तमान प्रभारी भूपेश बघेल हैं। हरियाणा, महाराष्ट्र विधानसभा में 50 प्रतिशत प्रत्याशी गलत बनाए गए थे। यह जानकारी उजागर होने के बाद भी किसी पर कोई कार्रवाई की गई ! आलोचना और अधिक कड़े शब्दों में की जा रही है कि जब सुधार के लिए संगठन में कुछ करना ही नहीं है तो राहुल ने देश भर के जिला अध्यक्षों को दिल्ली क्यों बुलाया है? सुधार करना ही है तो अनुभवी कांग्रेसियों की सलाह मानकर सेवादल को फिर से जिंदा करें, युवक कांग्रेस को शक्तिशाली बनाए, एनएसयूआई को मार्गदर्शन देकर ऊर्जावान बनाएं, यह बेहतर विकल्प हो सकते हैं। बजाय इसके की स्लीपर सेल खदेड़ेंगे, जिम्मेदारी तय करेंगे, समर्पित और कर्मठ कार्यकर्ताओं को पदाधिकारी बनाए जाएंगे, जैसे जुमले बाजार में फेंकने से...?



**बंपर आवक**

पांच दिन के अवकाश के बाद बुधवार को मंदसौर कृषि उपज मंडी में नीलामी कार्य प्रारंभ हुआ। किसान अपनी उपज मंगलवार से ही मंडी में लाने लगे थे। बुधवार को मंडी में लहसून और गेहूं की बंपर आवक रही।

## सामुदायिक पुलिस प्रणाली पर शोध ग्रंथ लिखने पर पूजा सेंगर को राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने पीएचडी की उपाधि प्रदान की



**मंदसौर, 02 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** नगर की प्रतिभाशाली विद्यार्थी श्री मती पूजा सेंगर ने 'मध्य प्रदेश में सामुदायिक पुलिस प्रणाली एक अध्ययन' विषय पर अपना शोध प्रबंध ग्रंथ तैयार किया जिस पर उन्हें विगत दिवस भोपाल में एक बड़े समारोह में मध्य प्रदेश के महामहिम राज्यपाल मंगू भाई पटेल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पीएचडी की उपाधि प्रदान कर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि श्रीमती पूजा सेंगर मंदसौर के निवासी श्री शत्रुघ्न सिंह सेंगर की बेटी एवं अभिषेक सिंह डॉ. राहुल सिंह सेंगर और दीपेंद्र सिंह की बहन हैं। पूजा सेंगर ने बताया कि आम जनों के मन में पुलिस को लेकर जो भय और नकारात्मक धारणा रहती है उससे पुलिस और जनता में दूरी बढ़ जाती है इसी को दूर करने के लिए इस विषय को ही उन्होंने शोध प्रबंध के लिए चुना और मुझे खुशी है कि महामहिम राज्यपाल और मुख्यमंत्री जी के हाथों मुझे पीएचडी की उपाधि प्राप्त हुई है। उन्होंने बताया है कि उनके इस परिश्रम में उनके पति अक्षय सिंह जो भोपाल सीआरपीएफ में पदस्थ है उनका भी बहुत योगदान रहा। पूजा सेंगर को इस उपलब्धि पर स्नेही जनों परिजनों ओर इष्टमित्रों ने बधाई व शुभकामनाएं दी है।






# हर्षोल्लास से मनाएं पार्टी का स्थापना दिवस, अंबेडकर जयंती की तैयारियों में जुट जाएं कार्यकर्ता-जिराती

### 06 अप्रैल से 14 अप्रैल तक के समस्त कार्यक्रमों की विस्तृत योजना बनाएं पार्टी पदाधिकारी-दीक्षित

**मंदसौर, 02 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा के निर्देशानुसार एवं भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में मुख्य वक्ता भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं उज्जैन संभाग भाजपा संगठन प्रभारी जितू जिराती ने आगामी कार्यक्रम 06 अप्रैल भाजपा का स्थापना दिवस, गांव चलो अभियान एवं 14 अप्रैल बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती को लेकर भाजपा जिला कार्यालय मंदसौर पर आवश्यक बैठक को संबोधित किया। इस अवसर पर पूर्व गृह मंत्री कैलाश चावला, मंदसौर जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार, विधायक चन्दरसिंह सिसोदिया, पूर्व विधायकगण यशपालसिंह सिसोदिया, देवीलाल धाकड, राधेश्याम पाटीदार, प्रकोष्ठप्रदेश संयोजकगण मदनलाल राठौर, बाबुलाल चौहान, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया, मानसिंह माछौपुरीया, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्यगण अनिल कियावत, डॉ.सुषमा आर्य, पिछडा मोर्चा प्रदेश मंत्री धीरज पाटीदार, जिला महामंत्रीगण विजय अठवाल, गणपतसिंह आंजना, भाजपा जिला उपाध्यक्ष शिवराजसिंह राणा, नपा.अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर मंच पर उपस्थित थे। बैठक का शुभारंभ पं.दीनदयाल उपाध्याय, डॉ.श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। तत् पश्चात मंचस्थ अतिथियों का स्वागत जिला पदाधिकारी गणों द्वारा किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एंव उज्जैन संभाग भाजपा संगठन प्रभारी जितू जिराती ने कहा की बूथ के व्हाटसअप और लाभार्थी प्रमुख मन की बात कार्यक्रम में लोगों को जोड़ें। कार्यकर्ता 6 अप्रैल को पार्टी का स्थापना दिवस और 14 अप्रैल को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती की तैयारियों में जुट जाएं। मंडल समितियों में महिलाओं की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि 6 अप्रैल को पार्टी का स्थापना दिवस मनाने के लिए विशेष तैयारियां करें और अपने निवास और पार्टी कार्यालय पर पार्टी का ध्वज लगाकर पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाएं। कार्यालय की सजावट कर रंगोली सजाएं तथा मिठाई बांटें। सेल्फी लेकर उसे सोशल मीडिया पर हैशटैग बीजेपी फॉर विकसित भारत के साथ पोस्ट करें। श्री जिराती ने आगे बताया की 6 एवं 7 अप्रैल को बूथ स्तर पर और 8-9 अप्रैल को मंडल व विधानसभा स्तर पर भाजपा की चुनावी सफलता, संगठनात्मक विस्तार, भारतीय राजनीति में भाजपा द्वारा लाया गया परिवर्तन एवं प्रधानमंत्री के रूप में श्री नरेंद्र मोदी जी के साथ विकसित भारत की ओर यात्रा जैसे विषयों पर नए प्राथमिक सदस्यों का सम्मेलन आयोजित करना सुनिश्चित करें। 7 से 12 अप्रैल के बीच जिला पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व मंडल अध्यक्ष दिन में 8 घंटे बस्ती चलो अभियान के तहत सेवा बस्ती का दौरा कर मंदिर, अस्पताल, स्कूल व गलियों में स्वच्छता अभियान में भाग लें। श्री जिराती ने कहा कि भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के पूर्व 13 अप्रैल को उनकी प्रतिमाओं की सफाई करना तथा संध्या के समय दीपोत्सव मनाना है। 14 अप्रैल को बाबा साहब की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ करना है। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा की जिला भाजपा मंदसौर सदैव प्रदेश भाजपा द्वारा दिये जा रहे निर्देशों का शत प्रतिशत पालन करती है और पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता चाहे वह छोटा हो या बडा संगठन के प्रत्येक कार्य को पूर्ण लगन और निष्ठा के साथ सम्पन्न करता है। इसी का परिणाम निकलता है की कई अभियानों में जिला भाजपा मंदसौर प्रदेश में शीर्ष स्थान को प्राप्त करती है। में आप सभी को आश्वस्थ करता हुं की संभागीय प्रभारी श्री जीतू जी जिराती द्वारा निर्देशित किये गये समस्त आगामी कार्यक्रमों को हम पार्टी की मंशानुरूप पूर्ण करेंगें। पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष एवं गांव चलो अभियान के जिला प्रभारी नानालाल अटोलिया ने इस अवसर पर कहा की 07 अप्रैल से 12 अप्रैल तक मंदसौर जिले में समस्त कार्यकर्ताओं के सहयोग से गांव चलो अभियान चलाया जायेगा। इसके लिये हमने प्रत्येक मंडल से मंडल अध्यक्ष और जिला संगठन द्वारा तय की गई टोली का गठन कर लिया है। अभियान के अंतर्गत प्रत्येक प्रवासी कार्यकर्ता को पूरे दिन (कम से कम 8 घंटे) के लिए, गाँव या मोहल्ला या सेवा बस्ती का दौरा करना है और संगठन द्वारा दिये गये निर्देशानुसार कार्यक्रमों को सम्पन्न करवाना है। बैठक का संचालन भाजपा जिला महामंत्री गणपत सिंह आंजना ने किया एंव आभार भाजपा जिला उपाध्यक्ष शिवराज सिंह राणा ने माना। इस अवसर पर बैठक में वरिष्ठ भाजपा नेता मनोहरलाल जैन, भोपालसिंह सिसोदिया, पारस मावर, निहालचंद मालवीय, नागुलाल धाकड, जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनुप्रिया यादव सहित जिला पदाधिकारीगण, मोर्चा जिलाध्यक्ष महामंत्रीगण, मंडल अध्यक्ष महामंत्रीगण, जनपद अध्यक्ष उपाध्यक्षगण, नगर पालिका एंव नगर परिषद अध्यक्ष उपाध्यक्षगण सहित अपेक्षित श्रेणी के पदाधिकारीगण कार्यकर्तागण उपस्थित थे। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी निलेश जैन ने दी।

## महासोमयज्ञ की चल रही है तैयारियां

**मंदसौर, 02 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** नगर में होने जा रहे विराट वाजपेई महासोमयज्ञ जो 13 से 18 अप्रैल 2025 तक श्री वल्लभाचार्य नगर कालाखेत प्रांगण में होगा इसकी प्रतिदिन चार पालियां होगी जोडों को केवल एक दिन एक बार एक ही पाली में बैठना है यानी 2 घंटे एक दिन एक पाली में बैठना है। यज्ञ शाला में एक वेदी पर चार जोडे बैठेंगे।एक जोडा घी की आहुति देगा शेष तीन समिधा शाकल्य की आहुति देंगे।घी की आहुति की श्रद्धा राशि 5100 रु शेष आहुति की श्रद्धा राशि 3100 रु.निर्धारित की गई है। यथा संभव जोडों को उनकी सुविधा के दिन ओर समय पर बिठाया जाएगा। जोडों में पति पत्नी साथ बैठें यह तो सामान्यतया होता ही है किंतु यहां यह भी स्पष्टकिया जाता है कि यदि किसी कारणवश पति-पत्नी नहीं बैठ सके तो पिता पुत्र,पिता पुत्री ,भाई बहन, भाई भाई मित्र मित्र (पुरुष)भी जोडे के रूप में बैठ सकते हैं। पुष्टिमार्गीय पद्धति से महासोम यज्ञ होगा। जिस तरह सभी नदियां अंत में सागर में जाकर समाहित होती है वैसे ही प्रत्येक वेदी पर 6 ही दिन होने वाले यज्ञ की पूर्णाहुति सोमयज्ञ की मुख्य वेदी में समाहित होगी जो सोमयाजी यानि इस यज्ञ की विधि हेतु दीक्षित पूज्य महाराज श्री गोकुलोत्सव महाराज ओर पूज्य व्रजोत्सव जी महाराज द्वारा संपन्न की जाएगी। सोमयज्ञ सभी यज्ञों में श्रेष्ठ होता है इसमें सम्मिलित होने वाले जोडों परिक्रमा करने वाले और दर्शन दीर्घा से दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की सभी मनोकामनाएं पूरी होती है जीवन के सभी कष्टदूर होते हैं। विवाह संबंधी बाधा, संतानहीनता और रुग्णता दूर होती है। शुद्धता पवित्रता और मित्रों के शुद्ध उच्चारण के प्रभाव से यज्ञ का पूरा प्रतिफल सभी को प्राप्त होता है। श्री महासम्य यज्ञ आयोजन समिति द्वारा नगरवांचल के श्रद्धालुओं से अनुरोध किया गया है कि वह अधिक से अधिक संख्या में जोडों के रूप में इस महायज्ञ में सम्मिलित हों। यह जानकारी मीडिया प्रभारी हेमन्त शर्मा ने दी है।



## एकीकृत शासकीय माध्यमिक विद्यालय फतेहगढ़ में भविष्य से भेंट कार्यक्रम सम्पन्न

**मंदसौर, 02 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** एकीकृत शासकीय माध्यमिक विद्यालय फतेहगढ़ में कलेक्टर प्रतिनिधि श्री रौनक दुबे असिस्टेंट कमिश्नर कमर्शियल टैक्स विभाग मंदसौर ने 'भविष्य से भेंट कार्यक्रम' के अंतर्गत बच्चों से संवाद किया।

श्री दुबे ने बच्चों से बात करते हुए प्रश्न किए। श्री दुबे ने विभिन्न प्रकार की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के बारे में विस्तार से बताते हुए बच्चों को कहा की मेरी तरह असिस्टेंट कमिश्नर बनने के लिए एमपीपीएससी की परीक्षा उत्तीर्ण करना पड़ती है। जनशिक्षक देवीलाल सुनार्थी ने डॉ अब्दुल कलाम के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि 'हम अपना भविष्य नहीं बदल सकते लेकिन अपनी आदतें बदल सकते हैं और अपनी आदतें निश्चित रूप से हमारा भविष्य बदल देगी'।इसदौरान सामाजिक कार्यकर्ता श्री गोपाल, प्रधानाध्यापक श्रीमती माधुरी जोशी, श्रीमती स्वाति वर्मा, श्रीमती पूर्णिमा मुंद्रा, श्रीमती निशा सोनी, श्रीमती सुमित्रा नीमा, श्रीमती अंजलि सोनी, टीना और बच्चे उपस्थित थे।

## जीनगर समाज ने गणगौर पर निकाला चल समारोह



**मंदसौर, 02 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** जीनगर समाज द्वारा गणगौर झेल पर चल समारोह का आयोजन किया गया। यह चल समारोह श्री भैरव नाथ मंदिर कालीदास मार्ग से प्रारंभ हुआ। जो मुख्य मार्गों से होते हुए श्री पशुपतिनाथ महादेव मंदिर पहुंचा। जहां चल समारोह का समापन हुआ।

विधायक प्रतिनिधि श्री राजेश खिची ने बताया कि इस चल समारोह में बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठजन, महिलाएं व युवा सम्मिलित हुए। बैण्ड बाजे व ढोल के साथ निकले इस चल समारोह में महिलाएं भक्ति गीतों पर नृत्य करते हुए चल रही थी। बग्गी पर भैरवनाथ की प्रतिमा विराजित होकर साथ चल रही थे। पशुपतिनाथ मंदिर परिसर स्थित श्री राधाकृष्ण मंदिर में चल समारोह के समापन के पश्चात् समाजजनों हेतु भोजन प्रसादी का आयोजन हुआ। प्रतापगढ़ पुलिया पर मंच बनाकर चल समारोह का स्वागत किया गया। इस दौरान क्षेत्र के विधायक श्री विपिन जैन भी उपस्थित हुए जिनका भी पुष्पमाला पहनाकर जीनगर समाज द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान विधायक श्री जैन के साथ मनोहर नाहटा, राजेश फरक्या, विकास दशोरा, अनिता भदोरिया आदि उपस्थित रहे। चल समारोह में समाज के वरिष्ठ नन्दकिशोर पंवार, कालुराम सोनगरा, चन्द्रप्रकाश खिची, भेरूलाल गोयल, हुकुमचंद आसेरी, हुकुमचंद पंवार, पुनमचंद खिची, संजय चौहान, बाबूलाल खिची, ओमप्रकाश खिची सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

## सामाजिक न्याय में अनुदान आंवटन प्रक्रिया को बनाया पूर्ण पारदर्शी

### ऑनलाइन होगी आवेदन पत्रों की स्वीकृति या अस्वीकृति

**मंदसौर, 02 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण विभाग से संबंधी सभी शासकीय और मान्यता प्राप्त अशासकीय संस्थाएँ वित्तीय वर्ष 2025-26 के अनुदान प्रदान करने की प्रक्रिया को पूर्णत: पारदर्शी बनाया गया है। अब संस्थाएँ ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन कर सकेंगे।प्रमुख सचिव सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण श्रीमती सोनाली वायंगणकर ने कहा कि विभाग द्वारा शासकीय और अशासकीय मान्यता प्राप्त संस्थाओं, जिला दिव्यांगजन पुनर्वास केन्द्र को अनुदान के आवेदन की प्रक्रिया को ऑनलाइन कर दिया गया है। यह संस्थाएँ विभागीय पोर्टल पर अपनी संस्था की सम्पूर्ण जानकारी सहित मांग पत्र जिला कार्यालय को प्रेषित करेंगी। जिला कार्यालयों द्वारा स्वीकृति और अस्वीकृति पोर्टल पर दर्ज करनी होगी। जिला स्तर पर आवंटन की अनुपलब्धता की स्थिति में अनुशंसा सहित मांग पत्र संचालनालय को प्रेषित किया जाएगा। संस्थाओं को प्रति माह किए गये व्यय की जानकारी भी विभागीय पोर्टल पर दर्ज करानी होगी।

## मनाया प्रवेशोत्सव

**मंदसौर, 02 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** सरस्वती विद्या मंदिर उ.मा.वि. केशव नगर, मंदसौर में नवीन शिक्षण सत्र 2025-26 में भैया/बहिन का शिक्षण प्रारंभ हुआ, जिसे प्रवेशोत्सव के रूप में बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। सर्व प्रथम प्रात: विधि विधान से हवन किया गया पश्चात विद्यालय परिसर में स्थापित बालाजी का पूजन अर्चन कर सुन्दर कांड का पाठ किया गया। कक्षा अरुण से द्वादश के भैया/बहिनों ने अपने चेहरे पर मुस्कान लिए माँ सरस्वती के मंदिर में विद्या अध्ययन के लिए प्रवेश किया एवं सभी भैया बहिनों ने भी माँ सरस्वती का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य श्री संतोष यादव प्रधानाचार्य श्री राजपालसिंह सिसौदिया, आचार्य परिवार, सेवक परिवार उपस्थित रहे। विद्यालय के प्राचार्य एवं प्रधानाचार्य ने सभी भैया/बहिनों को नवीन सत्र प्रारंभ की शुभकामना दी।

## गुड़ी पड़वा पर गीत संगीत कार्यक्रम सम्पन्न

**मंदसौर, 02 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** दशपुर रंगमंच ने गुड़ी पड़वा पर गीत संगीत कार्यक्रम आयोजित किया। सर्वप्रथम सतीश सोनी ने गीत गाया मैं शायर तो नहीं । डॉ. विक्रांत भावसार ने गीत गाया तू इस तरह से मेरी जिंदगी में शामिल है। लोकेन्द्र पाण्डे ने गीत तू मेरी जा तू मासूम तू शैतान सुनाया। आशीष मराठा ने गीत तू ही मेरी शब है सुनाया। नरेन्द्र सोगोरे ने गीत कही दूर जब दिन ढल लाये सुंदर रूप से प्रस्तुत किया। दिव्यांश वर्मा ने चला जाता हूँ किसी की धुन में सुनाकर दाद बटोरी। स्वाति रिछावरा ने गीत हमने देखी है उन आँखों की महकती खुशबु को सुरीली आवाज में गाया। डॉ. महेश शर्मा ने गीत चांद सी महबूबा हो मेरी सुनाया। ललिता मेहता ने गीत ओ साथी रे तेरे बिना भी क्या जीना व नव्य सिसौदिया ने गीत मेरी मॉ के बराबर कोई नहीं सुनाया। अभय मेहता, राजा भैया सोनी, किरण सोनगरा ने भी गीतों की प्रस्तुति दी। डिम्पल सिसौदिया, आकांक्षा पोखरना एवं डॉ. निलेश नगायच ने कविता की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित पूर्व विधायक यशपालसिंह सिसौदिया ने दशपुर रंगमंच के कार्यों की सराहना की। डॉ. स्वप्निल ओझा ने भी अपने विचार व्यक्त किये। दशपुर रंगमंच के संस्थापक अभय मेहता का जन्मदिन मनाया। संचालन सतीश सोनी ने किया व आभार ललिता मेहता ने माना।

# सीए ब्रांच द्वारा बैंक ऑडिट विषय पर सेमिनार सम्पन्न



**मंदसौर, 02 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** बैंकों में आम जनता का डिपॉजिट रहता है और इसी जमा राशि में से बैंकों द्वारा विभिन्न ऋणदाताओं को ऋण प्रदान किया जाता है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया व बैंक प्रबंधन अंकेक्षकों से यह अपेक्षा रखता है कि अपनी ऑडिट प्रक्रिया में वे यह सुनिश्चित करे कि जनता का डिपाजिट भी सुरक्षित है और ऋणदाताओं को दिये गये धन का भी सही उपयोग किया जा रहा है। बैंक ब्रांच ऑडिट करते समय हमें अपनी कार्यकुशलता, अनुभव, तकनीकी ज्ञान सभी का एक साथ प्रयोग करना पड़ता है। सीमित समयावधि में किस प्रकार से हम अपने तकनीकी ज्ञान व अनुभव से बैंक ऑडिट के दौरान सूक्ष्म जाँच कर सकते हैं, यही सीखने के लिये इंस्टीट्यूट द्वारा विभिन्न सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है जिनमें बैंक ऑडिट की बारीकियों के बारे में सीखने का अवसर प्राप्त होता है।

उक्त विचार दि इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की ऑडिटिंग व एश्योरेंस स्टैण्डर्ड बोर्ड द्वारा मन्दसौर में आयोजित बैंक ऑडिट विषय पर आयोजित सेमिनार को संबोधित करते हुए रतलाम के वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट सीए प्रमोद नाहर ने व्यक्त किये। सेमिनार के द्वितीय वक्ता मन्दसौर के चार्टर्ड अकाउण्टेन्ट सीए रोहन सोमानी ने लांग फार्म आडिट रिपोर्ट के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस रिपोर्ट में उन सभी तथ्यों का उल्लेख किया जाना चाहिए जो ऑडिट के दौरान अंकेक्षक के संज्ञान में आती है और जिनका नकारात्मक प्रभाव बैंक की लाभप्रदता पर होता है। उन्होंने इस रिपोर्ट से संबंधित सदस्यों के प्रश्नों का समाधान करते हुए बताया कि यह रिपोर्ट ऑडिट की गुणवत्ता को प्रदर्शित करती है। इसे पूर्ण गंभीरता के साथ अध्ययन करने के बाद ही प्रस्तुत किया जाना चाहिये। कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए ब्रांच चेयरमेन सीए राजेश मंडवारिया ने पिछले एक माह के दौरान ब्रांच द्वारा की गयी गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि मन्दसौर ब्रांच द्वारा सीए विद्यार्थियों के लिए मॉक टेस्ट का निरंतर संचालन किया जा रहा है जिसका लाभ अधिक से अधिक विद्यार्थियों को उठाना चाहिये। बैंक ऑडिट विषय पर आयोजित सेमिनार का आयोजन भी बैंक आडिट प्रारंभ होने के ठीक पूर्व रखा गया है ताकि सभी सदस्य लाभान्वित होकर और अधिक गुणवत्ता के साथ बैंक ऑडिट कार्य पूर्ण कर सकें। अतिथियों का परिचय सीए सत्यनारायण काला व सीए नितिन देवनानी ने दिया। सीए मोटो सांग की प्रस्तुति सीए अर्पित नागर ने दी। कार्यक्रम का संचालन सीए मयंक जैन ने किया व आभार प्रदर्शन सचिव सीए नीतेश भदादा ने किया। कार्यक्रम में मन्दसौर सीए ब्रांच की विद्यार्थी यूनिट सीआईसीएएसए में निर्वाचित विद्यार्थियों अर्चित जैन, किसलय सैन व खादिजा नगरीवाला का भी स्वागत किया गया। सेमिनार में बड़ी संख्या में चार्टर्ड अकाउण्टेन्ट्स ने सहभागिता प्रदान की।



## गेहूं की नरवाई में शार्ट सर्किट से लगी आग

**नगरी, 02 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** नगरी कचनारा रोड़ पर शार्ट सर्किट से श्याम लाल टेलर के गेहूं के कटे खेत में नरवाई में आग लग गई। सूचना पर नगर परिषद की फायर ब्रिगेड ने आकर आग बुझाई। गनीमत रही की तीन दिन पहले ही किसान ने अपने खेत के गेहूं कटवा लिए थे। नहीं तो भारी नुकसान हो सकता था।

### शराबबंदी से मिलेगी...

गुन्नीस शहरों में
हुई शराबबंदी
सुनकर शराबी ने
गाली दी गंदी गंदी
शराब मिलने की
होगी नई रीति
दुकान से शराब
नहीं मिलेगी सीधी
दुकान के झंझट
से मुक्ति मिलेगी
पीने वालों को
शराब बंदी से मिलेगी

**नंदकिशोर राठौर, मंदसौर**




संचय क्रेडिट को-ऑपरेटिव सहकारी सोसायटी मनासा, रामपुरा, नीमच का प्रयास...

## प्लास्टिक हटाओ जीवन बचाओ

**मनासा, 02 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** पर्यावरण प्रदूषण की मुख्य वजह प्लास्टिक और पॉलिथीन है जो हमारे मनासा शहर और पूरे देश के लिए एक विकट समस्या बन गया है, जसकी वजह से मानव जीवन विनाश की ओर बढ़ रहा है।

वजह है इसका डिस्पोज़ ऑफ या डिग्रेड नहीं होना है। जिससे आप इसे जितने भी दिन रखें ये प्राकृतिक रूप से नष्टनहीं होता जिसका खामियाजा हमारे वातावरण को और हमें झेलना पड़ता है। इससे बचने के लिए अभी पूरे विश्व में नो प्लास्टिक की मुहिम चल रही है। इस मुहिम में हमारा नीमच जिला भी पीछे नहीं है और न ही हमारा शहर मनासा ऐसे में इस महा विनाशकारी प्लास्टिक से बचाने के लिए नगर परिषद सहित जिला प्रशासन के द्वारा लोगों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से नित्य नए प्रयोग किये जा रहे हैं इन्ही के चलते नगर की संचय कोऑपरेटिव सोसाइटी की शाखा मनासा, रामपुरा एवं नीमच में प्लास्टिक हटाओ जीवन बचाओ के नारे के साथ नगरवासियो सहित खाता धारको में कपड़े की 5000 थैलीयो का वितरण कर लोगों को पर्यावरण एवं अमानक पॉलिथीन के उपयोग न करने के प्रति जागरूक करने का एक छोटा सा प्रयास चैत्र शुक्ल एकम नववर्ष से शुरुआत किया है। इसके साथ ही संचय कोऑपरेटिव सोसाइटी के कार्यकर्ताओ द्वारा प्लास्टिक पॉलिथीन से होने वाले नुकसान और विनाश के बारे में बताकर इसका उपयोग ना करने की अपील की जा रही है और साथ ही प्लास्टिक पॉलिथीन का उपयोग ना करने की शपथ भी दिलाई जा रही है।

**नवरात्री पर विशेष...**

# नवरात्रि में शक्तिपीठ आंतरी मां के दरबार में लग रहा है श्रृद्धालुओं का तांता



**नीमच, 02 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** नीमच जिला मुख्यालय से 50 किलोमीटर दूर मनासा तहसील मुख्यालय से 25 किलोमीटर दूर मां आंतरी माता जी का मंदिर चमत्कारिक शक्तिपीठ के रूप में सुविख्यानत हैं। नवरात्रि के प्रथम दिवस घट स्थापना के साथ ही शारदीय नवरात्रि की शुरुआत हुई। सुबह से देर रात्रि तक हजारों मां भक्तो ने मां भगवती आंतरी माता के दरबार में आकर दिव्य दर्शन किए। जनश्रुति के अनुसार मां भगवती आंतरी माता जी चितौड़गढ़ कालका से 1000 वर्ष पहले आतरी माता जी आई थी। स्वयं प्रतिष्ठित माता का यह दरबार मंदिर के मुख्य गर्भ गृह में मां भगवती आंतरी माताजी शेर पर सवार श्याम वर्ण मूर्ति और चन्द्रावत कुल की कुल देवी मां भगवती भवानी विद्यमान हैं। मंदिर के अंदर ही हनुमान जी विराजमान हैं। मंदिर के दक्षिण भाग में काल भेरू जी और उतर भाग में गौरी नंदन श्री गणेश विराजित है। मान्यीता है, कि माता जब आई थी, तो माता का एक पैर रेतम नदी में और एक पैर माता के परिकर्मा मार्ग में विराजमान हैं। मन्दिर के परिक्रमा मार्ग में ही मंदिर के पीछे महावीर स्वामी विराजमान है, मां के अंगूठे के निशान, पांचों अंगुलियों के निशान , कोहनी के निशान आज भी परिक्रमा मार्ग में देखने को मिलते हैं।

प्रकृति की आलौकिक छटा बिखेरे रेतम नदी के तट पर प्राचीन देवी मां का यह दरबार है। यहॉ गांधीसागर बांध का बेक वाटर मंदिर के तीनो और भर जाता है प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण आलौकिक नजारा इस मंदिर के दिव्य दर्शन कर, भक्त यहाँ नौका विहार स्टिंबर बोट से घूमने का आनंद लेते हैं। पूरे वर्ष भर मां के भक्त इस चमत्कारी दरबार में दर्शन को आते है और अपनी मन्नत पूरी करते है। ग्राम आंतरी माता निवासी श्री फकीर चंद सोनी ने बताया, कि यहां मां के भक्त अपनी मनोकामना पूर्ण होने पर हँसते-हँसते मां को अपनी जीभ काटकर चढ़ाते है और पुन: मां की असीम कृपा से 9 दिनों बाद पूर्वानुसार प्राप्त करते है। 1974 में प्रथम भक्त जल्लारा नाहरगढ निवासी भेरूलाल दम्मामी ने जीभ काटकर चढाई तब से यह सिलसिला शुरू हुआ, जो अनवरत चालू है। अभी तक यह आंकड़ा 6500 से अधिक हो गया हैं। वर्ष भर में सैकड़ों मां भक्त अपनी मनोकामना पूर्ण होने पर जीभ काटकर चढ़ाते हे और पुन: अपनी जीभ को पाते हैं। माता की सेवा पूजा यहां राठौड़ परिवार द्वारा की जाती है। मां अहिल्याबाई होलकर ने इस मंदिर की सेवा पूजा के लिए पंडित पुजारी परिवार के लिए 500 बीघा जमीन की व्योवस्था कर रखी हैं। नवरात्रि में मां भगवती के दरबार में अखंड ज्योत 9 दिनों के लिए भक्तो द्वारा ज्योत जलाई गई हैं। नवरात्रि की नवमी को माता का विधि विधान से हवन यज्ञ होता हैं। प्रति दिन 9 बजे रात्रि धूमधाम से ढोल धमाके के साथ माता भक्त, आरती में सम्मिलित होते हैं।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 31 | 2220 | 2312 |
| उडद | 4 | 4800 | 5700 |
| सोयाबीन | 4571 | 3900 | 4541 |
| गैहु | 11000 | 2300 | 2825 |
| चना | 427 | 5320 | 5757 |
| मसुर | 57 | 5455 | 5950 |
| धनिया | 207 | 5041 | 7661 |
| लहसुन | 20000 | 2400 | 9000 |
| मैथी | 1541 | 3820 | 6200 |
| मुंगफली | 406 | 4401 | 5200 |
| अलसी | 3235 | 5801 | 6250 |
| सरसो | 298 | 5351 | 5952 |
| तारामीरा | 2 | 5150 | 5150 |
| इसबगोल | 51 | 11200 | 13201 |
| प्याज | 4088 | 450 | 1255 |
| कलोंजी | 25 | 14000 | 17000 |
| तुलसी बीज | 1 | 10000 | 10000 |
| डॉलर | 76 | 6500 | 8090 |
| तिल्ली | 3 | 8200 | 8200 |
| जौ | 22 | 2080 | 2080 |
| मटरसुखी | 3 | 3700 | 3700 |
| असालीया | 22 | 6580 | 6645 |
| चियाबीज | 117 | 8500 | 13151 |





केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के मुख्य आतिथ्य में...

# राज्य स्तरीय सहकारी दुग्ध उत्पादक सम्मेलन 13 अप्रैल को

## पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री लखन पटेल ने नीमच में दुग्ध उत्पादन सम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा कर दिए निर्देश

**नीमच, 02 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री लखन पटेल ने बुधवार को केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के मुख्य आतिथ्य में आगामी 13 अप्रैल 2025 को नीमच में राज्य स्तरीय सहकारी दुग्ध उत्पादक (गोपाल) सम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा कर, कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए।

इस सम्मेलन में राज्य शासन एमपीसीडीएफ, दुग्ध संघों एवं राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के मध्य सहकार्यता अनुबंधों का निष्पादन किया जाएगा। राज्य मंत्री श्री पटेल ने केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के मुख्यि आतिथ्य में नीमच में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा बैठक में कहा, कि प्रदेश में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए स्व-सहायता समूहों के फेडरेशन, दुग्ध महासंघ, राष्ट्रीय डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड व दूध उत्पादन से जुड़ी अन्य संस्थाओं को एक मंच में लाकर इनसे मार्गदर्शन लेकर आगे बढ़ें। जैविक उत्पादों सहित गौवंश जनित उत्पादों का व्यापक प्रचार-प्रसार करें, जिससे इन उत्पादों को समुचित बाजार मिले और इसका सबसे अधिक लाभ दुग्ध उत्पादकों को मिल सके। सर्किट हाउस नीमच में बुधवार को आयोजित बैठक में पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री लखन पटेल ने जावद विधायक श्री ओमप्रकाश सखलेचा, नीमच विधायक श्री दिलीपसिह परिहार, मनासा विधायक श्री अनिरूद्ध मारू, जिला पंचायत अध्य क्ष श्री सज्जकन सिह चौहान सहित अन्या जनप्रतिनिधियों से केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के मुख्य् आतिथ्यज में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में विस्ता र से चर्चा की। इस मौके पर प्रमुख सचिव पशुपालन विभाग श्री उमाकांत उमराव, सचिव पशुपालन श्री सत्योन्द्रे सिह, प्रबंधक संचालक दुग्ध संघ म.प्र., कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा, पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल, जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्ण व, पशुपालन सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में मंत्री श्री पटेल ने कहा, कि सरकार द्वारा दुग्ध उत्पादन पर पांच रूपए प्रति लीटर बोनस राशि का वितरण दुग्ध उत्पादक समितियों/दुग्ध उत्पादक संघों को देने पर विचार-विमर्श किया जा रहा हैं। उन्होने कहा कि दूध उत्पादन में सहकारिता से अच्छे परिणाम सामने आएंगे। नीमच में होने वाले सम्मेलन में नीमच सहित उज्जैन संभाग के सभी जिलों की दुग्ध उत्पादक समितियाँ/संघों को आमंत्रित किया जा रहा है। बैठक में पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री श्री लखन पटेल ने बताया कि सम्मेलन में आचार्य विद्यासागर जीवदया (गौसेवा) सम्मान योजना के अंतर्गत राज्य स्तरीय चयनित तीन गौशालाओं को संस्थागत श्रेणी के तीन पुरस्कार एवं चार संस्थाओं को सांत्वना पुरस्कार सहित गौसेवा के लिए व्यक्तिगत श्रेणी के तीन पुरस्कार भी मुख्य अतिथि द्वारा प्रदान किए जाएंगे। साथ ही राज्य स्तरीय देसी नस्ल की गायों की दुग्ध उत्पादन प्रतियोगिता के आधार पर चयनित तीन पुरस्कार एवं भारतीय नस्ल की गायों की दुग्ध उत्पादन प्रतियोगिता के आधार पर चयनित दुग्ध उत्पादकों को भी तीन पुरस्कार दिए जाएंगे। इस अवसर पर प्रदेश स्तरीय दुग्ध उत्पादक सम्मेलन में प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी। प्रदर्शनी में ब्रीडिंग की नवीन तकनीकों का प्रदर्शन होगा। इसमें सार्टेड सीमन, एम्ब्रियों ट्रांसफर टेक्नोलॉजी (इटीटी) एवं गौ-चिप जैसी नई तकनीकों का विशेष रूप से प्रदर्शन किया जाएगा। इसके अलावा पंचगव्य (दूध, दही, घी, गोबर, गोमूत्र) आधारित उत्पादों की प्रदर्शनी में बायोगैस, जैविक खाद, गौ-शिल्प, दैनिक उत्पाद की सामग्री, फिनाइल एवं पेंट आदि भी प्रदर्शित किए जाएंगे। साईलेज और हाइड्रोपोनिक्स के उत्पादन और चलित पशु चिकित्सा इकाई का प्रदर्शन भी सम्मेलन स्थल पर किया जाएगा। पशुपालन एवं डेयरी राजिय मंत्री (स्वकतंत्र प्रभारी) श्री लखन पटेल ने कहा कि 13 अप्रैल को नीमच सम्मेलन में सांची के विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी, कुक्कुट विकास निगम की ओर से अच्छी नस्ल की गाय, भैंस, बकरी एवं अन्य उन्नत पशु नस्लों की लाईव स्टॉक प्रदर्शनी के साथ पशु चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में हो रहे विभिन्न नवाचारों को प्रतिबिंबित करती हुई पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। प्रारंभ में पशुपालन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री लखन पटेल ने नीमच हवाई पट्टी के सामने आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय सहकारी दुग्ध उत्पादक सम्मेलन के प्रस्तावित स्थल का मौका मुआयना किया उन्होने जिले के विधायकगणों व जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों के साथ दशहरा मैदान का निरीक्षण कर, दुग्ध उत्पादक सम्मेलन की तैयारियों का जायजा लिया एवं अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नवलसिह सिसोदिया, एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड, एसडीएम श्री संजीव साहू, श्रीमती वंदना खण्डेलवाल, श्री हेमंत हरित, श्री मोहनसिह राणावत, श्री निलेश पाटीदार सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, पशुपालन एवं दुग्ध संघ के अधिकारी, कर्मचारी भी उपस्थित थे।

# एनआईए का मोस्ट वांटेड 5 लाख का इनामी फिरोज खान रतलाम से गिरफ्तार

## तीन साल से चल रही थी तलाश

**रतलाम, 02 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** जयपुर में सीरियल ब्लास्ट की साजिश रचने के मामले में करीब तीन साल से फरार चल रहे फिरोज खान पुत्र फकीर मोहम्मद सब्जीवाला को पुलिस ने बुधवार सुबह रतलाम से गिरफ्तार कर लिया। फिरोज पर एनआईए ने 5 लाख रुपए का इनाम घोषित कर रखा था। वह ईद मनाने के लिए रतलाम आया था और पुलिस ने उसे पकड़ लिया।

उल्लेखनीय है कि 30 मार्च 2022 को राजस्थान के निंबाहेड़ा में राजस्थान पुलिस ने 12 किलो विस्फोटक सामग्री के साथ आरोपित जुबेर निवासी आनंद कॉलोनी, अल्तमस पुत्र बशीर खान और सरफुद्दीन उर्फ सेफुल्ला पुत्र रमजानी दोनों निवासी शेरानीपुरा को गिरफ्तार किया था। इसके बाद सात अन्य आरोपियों को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया गया था। आरोपित कट्टरपंथी संगठन अल सुफा ग्रुप से जुड़े थे। पूर्व में गिरफ्तार किए गए 10 आरोपित जयपुर की जेल में बंद हैं और उनके खिलाफ न्यायालय में चालान भी पेश किया जा चुका है। फिरोज के हाथ नहीं आने पर एनआईएन ने 2 साल पहले उसकी गिरफ्तारी पर 5 लाख रुपये का इनाम घोषित किया था तथा इस संबंध में शहर में जगह-जगह पोस्टर भी लगाए थे। फिरोज खान की तलाश में एनआईए और रतलाम पुलिस ने कई बार उसके घर तथा अन्य जगह पर दबिश दी थी, लेकिन वह हाथ नहीं आ रहा था। पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई थी।

**सूचना मिली की फिरोज रतलाम में है**–इसी बीच बुधवार सुबह पुलिस को सूचना मिली कि फिरोज रतलाम आया हुआ है। एसपी अमित कुमार के निर्देशन में टीम ने उसकी तलाश की तथा घेराबंदी कर उसे उसकी कजिन सिस्टर के घर से गिरफ्तार कर लिया। एसपी अमित कुमार ने बताया कि फिरोज के रतलाम आने की सूचना मिलने पर उसकी तलाश शुरू की गई। सूचना मिली कि वह अपनी कजिन सिस्टर के घर छिपा हुआ है, इस पर टीम ने वहां पहुंच कर घेराबंदी की तथा उसे पकड़ लिया।

## एडीफाई शिशुवन स्कूल से राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान मुख्य परीक्षा में दो विद्यार्थियों का चयन

**मंदसौर, 02 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** एडीफाई शिशुवन स्कूल के प्राचार्य ने बताया कि गर्व का क्षण है, जब हमारे विद्यालय के दो लिटिल मास्टर राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान मुख्य परीक्षा में द्वितीय स्तर के लिए चयनित हुए हैं। ग्रेड तीसरी बी के विवान सेठिया और ग्रेड चौथी बी के आराध्य गुप्ता ने अपनी प्रतिभा और मेहनत के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है। यह परीक्षा दिनांक 15 दिसंबर 2024 को आयोजित की गई थी और इसका परिणाम हाल ही में घोषित किया गया है।



एडीफाई शिशुवन स्कूल के प्रबंधन और शिक्षकों ने दोनों विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को इस उपलब्धि पर हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं। स्कूल प्रबंधन ने कहा कि यह उपलब्धि न केवल विद्यार्थियों के लिए गर्व की बात है, बल्कि स्कूल के लिए भी एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

## मौसम का मिजाज बदला, किसानों को चिंता

**भरत जड़वाया**

**नगरी, 02 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** बुधवार को दोपहर बाद मौसम का मिज़ाज बदला। आसमान में बादलों का जमावाड़ा बढ़ने के साथ ही निकट भविष्य में बारिश की संभावना के चलते खेतों में खड़ी एवं कटी हुई फसलों को लेकर किसानों की चिंता बढ़ने लगी है। विशेषकर इन दिनों गेहूं की कटाई एवं निकालने का काम चल रहा है। बारिश होने से गेहूं सहित अन्य फसलों की गुणवत्ता के साथ ही आर्थिक नुकसानी को देखते हुए किसान येनकेन फसलों को काटने एवं समेटने को लेकर सक्रिय हो गयें है। कुछ किसान गेहूं की कटाई के लिए हार्वेस्टर का उपयोग कर रहे हैं। ताकि कम समय में फसल निकल कर घर तक पहुँच जाये। किसान ओमप्रकाश धाकड़ का कहना है कि बारिश से खेतों में कटी गेहूं के दाने खराब होने से गुणवत्ता पर असर पड़ेगा, वही इसबगोल अलसी आदि फसलें भी प्रभावित होगी। पशुओं को खिलाने वाले गेहूं का भूसा भी पानी में खराब नहीं हो इसके लिए गेहूं की कटाई के तत्काल बाद भूसा भी सुरक्षित कर रहे हैं।







## लोडिंग मिलने से खुश वाहन मालिकों ने पुलिस का किया सम्मान

**मंदसौर, 02 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** चोरी गए लोडिंग वाहन वापस मिलने से खुश वाहन मालिको एवं उनके परिजनो ने पुलिस वालो का स्वागत कर सम्मान किया। बता दें कि लगभग 12 दिन पहले यशोधर्मन नगर थाना क्षेत्र से दो पिकअप वाहन चोरी हो गए थे। जिन्हें पुलिस ने बरामद कर एक आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। मामले में बुधवार को वाहन मालिक किसान और परिवारजन थाने पहुंचे। यहां वायडी नगर के पुलिस वालो को पुष्पहार पहनाकर स्वागत सम्मान किया। साथ ही पुलिस की त्वरित कार्रवाई को सराहा।

# चित्रकला प्रतियोगिता एवं विद्यार्थियों से संवाद कर दिया जल संरक्षण का संदेश

**मनासा, 02 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** मप्र शासन द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान 30 मार्च से 30 जून 2025 तक चलाया जा रहा है। जिस के तहत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद ब्लॉक मनासा की नवांकुर संस्था मनासा केशव आदर्श सामाजिक संस्था द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिला समन्वयक वीरेंद्र सिंह ठाकुर की उपस्थिति में शासकीय हाई स्कूल मोया में चित्रकला प्रतियोगिता एवं विद्यार्थियों से जल संरक्षण पर संवाद का आयोजन किया गया। जिला समन्वयक ने विद्यार्थियों को जल संरक्षण एवं जल संवर्धन का महत्व बताते हुए जल की महत्ता बताते हुए जल बचाने का संदेश दिया, इस अवसर पर 30 से अधिक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। उन्होंने चित्रकला प्रतियोगिता के माध्यम से जल संरक्षण के विभिन्न पहलुओं को दर्शाया और समाज को जल बचाने का संदेश दिया, चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभागियों में से प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर आएं विद्यार्थियों को जिला समन्वयक वीरेंद्र सिंह ठाकुर और विद्यालय के प्राचार्य गणपत सेन और उपस्थित शिक्षक धनेंद्र वर्मा द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया,, इस आयोजन का उद्देश्य जन जागरूकता बढ़ाना एवं समुदाय को जल संरक्षण के प्रति प्रेरित करना था, इस दौरान कार्यक्रम समन्वय धीरज राठौर उपस्थित रहे।



## नीमच में चित्रकला प्रतियोगिता सम्पन्न

**नीमच, 02 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** म.प्र.जन अभियान परिषद नवांकुर संस्था द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्वालटोली केमां सरस्वती विद्यापीठ स्कूल में बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जल संरक्षण के प्रति जन जागरूकता के उद्देश्या से आयोजित इस प्रतियोगिता में विद्यालय के 25 विद्यार्थियों ने भाग लिया और चित्रों के माध्याम से जल संरक्षण का संदेश दिया। प्रथम छात्रा गुड्यि पिता बंसीलाल, द्वितीय नारायणी लोहार पिता बाबूलाल लोहार, तृतीय स्थान अरुण बंजारा पिता बबलू बंजारा, चतुर्थ आंचल शर्मा पिता राजवंशी शर्मा रही। जिन्हे प्रमाण पत्र प्रदान कर पुरूस्कृ त किया गया। इसी तरह हेल्पिंग हैंड सोशल वेलफेयर सोसाइटी नीमच द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बुधवार को सेक्टर क्रमांक 03 में स्थित विद्यालयों में निबंध प्रतियोगिता एवं नारे लेखन कर जल सरंक्षण का संदेश दिया।

# नवीन अनमोल एप्लीकेशन एवं पोर्टल का 435 स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को दिया प्रशिक्षण

**मंदसौर, 02 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** अनमोल एप्लीकेशन और आरसीएच पोर्टल 2.0 का स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के लिए प्रशिक्षण सीएमएच कार्यालय के एनएचएमसभा कक्ष तथा जिला प्रशिक्षण केन्द्र में आयोजित किया गया। इस दौरान सीएचओ, एमपीडब्ल्यू, एएनएम को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में 425 स्वास्थ्य कार्यकर्ताओ को दिया गया।



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. जी एस चौहान ने बताया कि गर्भवती माताओं के पंजीयन तथा शिशु के पंजीयन की निगरानी व समय पर टीकाकरण, हाईरिस्क गर्भवती महिला की जटिलता का शीघ्र पता लगाकर समय पर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध करवाने के लिए उपयोग में लाए जा रहे अनमोल एप्लीकेशन तथा पोर्टल के नए वर्जन में पंजीयन के लिए समग्र आइडी, आधार कार्ड तथा बैंक खाते की ई-केवायसी अनिवार्य रूप से होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जननी सुरक्षा व प्रसूति सहायता योजना के पात्र हितग्राहियों को भुगतान के लिए समग्र से आधार लिंक करवाना तथा आधार कार्ड से बैंक खाता लिंक करवाना होगा, तभी प्रोत्साहन राशि का भुगतान सीधे खाते में जमा होगा। गर्भवती महिला के पंजीयन के समय पति-पत्नी के समग्र आइडी एक ही परिवार सूची में अपडेट करवाना होगा। समस्त सीएचओ एवं सुपरवाइजर्स तथा एएनएम, आशा कार्यकर्ता नवदंपती एवं योग्य लक्ष्य दंपती को आधार कार्ड, समग्र आइडी तथा बैंक अकाउंट अपडेट करवाने की जानकारी प्रदान करें ताकि पंजीयन के समय किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो एवं भुगतान समय पर प्राप्त हो सके। मास्टर ट्रेनर श्री निलेश गर्गजिला कार्यक्रम प्रबंधक, श्रीमती अर्चना बारिया जिला लेखा प्रबंधक, श्री राकेश शर्मा एम एण्ड ई, श्री महेश धनोतिया जिला डाटा मेनेजर, डॉ वैभव गुप्ता सीपीएचसी सलाहकार तथा ब्लाक प्रोग्राम मेनेजर ने प्रजेंटेशन के माध्यम से प्रशिक्षण दिया। जिसमें बताया कि नए एप्लीकेशन के माध्यम से पंजीयन के साथ ही हाईरिस्क एएनसी का फालोअप, प्रसव उपरांत दी जाने वाली सुविधा तथा बच्चों के टीकाकरण की ट्रेकिंग आसानी से की जा सकेगी।

# प्रदेश की मूल गौवंशीय नस्ल को प्रोत्साहित करने के लिए दिये जायेंगे पुरस्कार

**मंदसौर, 02 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** राज्य शासन ने प्रदेश की मूल गौवंशीय नस्ल (मालवी) एवं भारतीय उन्नत नस्ल की दुधारू गायों (गीर-साहीवाल) के पालन को प्रोत्साहित करने के लिए पुरस्कार योजना प्रारंभ की है। इसके तहत अधिकतम दूध देने वाली गायों का चयन कर उन्हें पुरस्कार दिया जायेगा। पशुपालक अपनी भारतीय नस्ल की गाय का पंजीयन अपने निकट की पशु चिकित्सा संस्था पर 3 अप्रेल 2025 तक करा सकते है।

पशुपालन एवं ड्येरी विभाग के प्रभारी उप संचालक डॉ मनीष इंगोल ने बताया कि योजना में जिले के अंतर्गत समस्त विकासखंडों से ऐसे पशुपालक जिनके पास प्रदेश की मूल गौवंश (मालवी) नस्ल की गाय जिसका प्रतिदिन दुग्ध उत्पादन 04 लीटर अथवा उससे अधिक है तथा भारतीय उन्नत नस्ल की दुधारू (गीर-साहीवाल) गाय जिसका दुग्ध उत्पादन 06 लीटर प्रतिदिन या उससे अधिक है, उन्हें पुरस्कृत किया जायेगा। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु इच्छुक एवं पात्र पशुपालकों से पृथक-पृथक आवेदन विकासखंड के पशु चिकित्सालयों से प्राप्त किए जाएंगे। आवेदनों का संकलन एवं परीक्षण उपरांत मूल गौवंशीय (प्रदेश एवं भारतीय) नस्ल की गायों का दैनिक दुग्ध उत्पादन का तीन टाइम दोहन कर एवरेज दुग्ध उत्पादन की वरीयता के आधार पर चयन कर प्रतियोगिता संपन्न कराई जायेगी। अधिकतम दुग्ध देने वाली गायों को क्रमश: प्रथम पुरस्कार 51 हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार राशि 21 हजार रुपये एवं तृतीय पुरस्कार राशि 11 हजार रुपये के प्रदान किए जायेंगे।

## सड़क दुर्घटनाओं में त्वरित सहायता के लिए हेल्पलाईन

**मंदसौर, 02 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं में त्वरित सहायता के लिए कई हेल्पलाईन संचालित की जा रही हैं। ये हेल्पलाईन 108 समस्त मार्ग ( राष्ट्रीय राजमार्ग छ्क, राज्यमार्ग ड्क, प्रमुख जिला सड़क, ग्रामीण सड़क) मध्य प्रदेश शासन द्वारा संचालित एम्बुलेंस के लिए, 1099 राज्यमार्ग (ड्क) पर म.प्र. सड़क निगम द्वारा संचालित एम्बुलेंस के लिए, 1033: राष्ट्रीय राजमार्ग (छ्क) पर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा संचालित एम्बुलेंस के लिए, डॉयल 100 किसी भी आपातकालीन स्थिति में सहायता के लिए है। इन हेल्पलाईन के माध्यम से दुर्घटना की स्थिति में पीड़ित को तत्काल सहायता प्राप्त हो सकती है।


## कार्यालय नगर परिषद नारायणगढ़, जिला मंदसौर (म.प्र.)

क्रमांक-530/2025 दिनांक-02.04.2025

✻✻✻✻✻ कोटेशन विज्ञप्ति ✻✻✻✻✻

एतद् द्वारा सर्व साधारण फर्म/विक्रेता/सप्लायर को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद नारायणगढ़ द्वारा सारणी में उल्लेखित अनुसार डिस्टेंबर, प्लास्टिक पेंट, प्राईमर, आईलपेंट, तारपीन, पेंटब्रश, रोलर आदि कलर क्रय की आवश्यकता समय-समय पर होती है। इस हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कलर सामग्री की दरें आमंत्रित की जाती है अतः जो भी इच्छुक व्यक्ति/सप्लायर/फर्म/विक्रेता उक्त सामग्री सप्लाय करने का इच्छुक हो वे अपनी अपनी दरें सील्ड बंद लिफाफे में दिनांक 22.04.2025 को समय दोपहर 02.00 बजे तक कार्यालय नगर परिषद नारायणगढ़ में अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत कर सकते है। भाव पत्र दिनांक 22.04.2025 को अपरान्ह 4.00 बजे खोले जावेंगे। सामग्री का विवरण निम्नानुसार है-

| क्रं. | सामग्री विवरण | तादाद | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | डिस्टेम्बर | आवश्यकतानुसार | प्रति 20 लीटर |
| 2 | प्लास्टिक पेंट | ---//--- | प्रति 20 लीटर |
| 3 | प्राईमर | ---//--- | प्रति 20 लीटर |
| 4 | आईलपेंट | ---//--- | प्रति लीटर |
| 5 | तारपीन | ---//--- | प्रति लीटर |
| 6 | पेंट ब्रश 8 इंच | ---//--- | प्रति नग |
| 7 | रोलर 8 इंच | ---//--- | प्रति नग |
| 8 | स्टेनर ट्यूब | ---//--- | 100 एम.एल. प्रति पेक |
| 9 | व्हाईट सीमेन्ट | ---//--- | प्रति 20 किलोग्राम |
| 10 | गेहरु | ---//--- | प्रति किलो ग्राम |

**शर्ते/नियम**- 1. कोटेशन स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार नगर परिषद को होगा, जिसका कारण स्पष्ट नहीं किया जावेगा। 2. कोटेशन डालने से पूर्व अमानत राशि 2000/- नगद/एफ.डी.आर. जमा कराना होगी। 3. सामग्री समय-समय पर नगर परिषद द्वारा बताये अनुसार उपलब्ध कराना होगी। 4. संबंधित फर्म का पेन नम्बर एवं जी.एस.टी. नम्बर ही मान्य होगा तथा पेन कार्ड आधार से लिंक होना अनिवार्य है। 5. डिस्टेम्बर, प्लास्टिक पेंट, प्राईमर, आईलपेंट की दरें निरोलेक, एशियन, जॉनसन, बर्जर आदि की प्रस्तुत की जावें। 6. दरें समस्त कर सहित प्रस्तुत की जावें। सशर्त कोटेशन मान्य नहीं किये जावेंगे। 7. नियमानुसार देयक में से टेक्स कटोत्रा किया जावेगा। 8. शासन द्वारा समय-समय पर दिये गये निर्देशों/आदेशों का पालन किया जाना अनिवार्य होगा जो आप पर लागू होंगे। 9. अन्य नियम/शर्ते कार्यालयीन समय में आकर देखी जा सकती है।

**प्रमोद जैन** मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर परिषद नारायणगढ़

**वीरेन्द्र रुपरा** उपाध्यक्ष नगर परिषद नारायणगढ़

**ममताकुंवर जयराजसिंह** अध्यक्ष नगर परिषद नारायणगढ़



## कार्यालय सम्पदा प्रबंधक
## म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल मंदसौर
## नामान्तरण –सूचना

मण्डल की आवासीय कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक LIGA-21 संजीत मार्ग मंदसौर जो श्री दिलीप कुमार पिता श्री किशनदास पारीख को मण्डल आदेश क्रमांक 9887 दिनांक 16.10.1985 द्वारा आवंटित किया गया था। उक्त भूखण्ड का पट्टाभिलेख दिनांक 08.09.1989 को उप-पंजीयक कार्यालय में पंजीबद्ध करवाया गया था। श्री दिलीप कुमार पिता श्री किशनदास पारीख का स्वर्गवास दिनांक 30.09.1994 एवं इनकी पत्नी श्रीमती सविता पारीख पति स्व. श्री दिलीप कुमार पारीख का स्वर्गवास दिनांक 18.03.1995 को हो जाने से इनके पुत्र श्री निकुंज पारीख पिता स्व. श्री दिलीप कुमार पारीख अपनी एक मात्र बहन श्रीमती रूचि पारीख पति श्री अनूप पारीख की सहमति एवं प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर उक्त भूखण्ड का नामांतरण अपने नाम करवाना चाहते है।

अत: इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर भूखण्ड का नामान्तरण श्री निकुंज पारीख पिता स्व. श्री दिलीप कुमार पारीख के नाम कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नही होगा।

(रिपुदमन सिंह चंद्रावत)सम्पदा प्रबंधक
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल मंदसौर (मप्र)



## अनिल अठवाल, एडव्होकेट

कार्यालय-38, अठवाल हाउस, लक्ष्मी नगर वेदांत विहार
मन्दसौर, (मप्र) मो नंबर-9407440002

क्रमांक- दिनांक-02-04-2025

✻✻✻✻✻ जाहिर सूचना ✻✻✻✻✻

सर्वसाधारण व हर आम व खास को मेरे पक्षकार नवीन पिता अरूण कुमार जी शोपुरकर, निवासी-बालागंज, मंदसौर से प्राप्त जानकारी एवं माहेती अनुसार इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार की माता श्रीमती अनीता पति अरूण कुमार शोपुरकर निवासी बालागंज, मंदसौर के स्वामित्व आधिपत्य का एक भूखण्ड जो कि, भूखण्ड नंबर 139, तिलक नगर, मन्दसौर, तहसील व जिला मंदसौर में स्थित होकर 25 बाय 40 कुल 1000 वर्गफिट है, जो कि, कृष्णा साख सहकारी संस्था मर्यादित्त मंदसौर में वर्ष 2015 से बंधक है। उक्त तथ्य को छिपाते हुए मेरे पक्षकार की माता अनीता व भाई नीतिन ने उक्त भूखण्ड राधाबाई माली पिता रामचन्द्र माली, निवासी मंदसौर को दिनांक 25.08.2018 विक्रय कर दिया है व राधाबाई के द्वारा उक्त भूखण्ड दिनांक 23.09.2021 को रामकन्याबाई बसेर पिता रमेशचन्द्र बसेर को विक्रय कर दिया है। जो कि, उक्त विक्रय पंजीयन पत्र प्रारंभ से अवैध व शून्य है तथा भूखण्ड पर आज भी मेरे पक्षकार का ही आधिपत्य बना हुआ है।

अतएव इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि, उक्त भूखण्ड को कोई व्यक्ति, संस्था, निगम आदि क्रय, अंतरण, करार, अनुबंध लेख आदि निष्पादित न करे, अन्यथा वह व्यर्थ के विवाद में पडेगा सो सूचित हो।

भवदीय
अनिल अठवाल वास्ते पक्षकार


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडि्या एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in